<u>समाचार</u>

# आयुक्त ने निगम की एक्शन टीम के साथ कोसाबाड़ी चौक स्थित मुख्य मार्ग का किया भ्रमण



कोरबा 18 जुलाई 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय साईकिल पर सवार होकर कोसाबाडी चौक से जिला अस्पताल तक के मुख्य मार्गो में नगर पालिक निगम कोरबा की एक्शन टीम के साथ दुकानों के सामने सड़क व फुटपाथ पर किये गये अवैध कब्जों, अतिक्रमणों आदि पर सघन रूप से कार्यवाही की। वहीं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर व व्यवस्थित बनाने में सभी का सहयोग अपेक्षित है। अतः सड़क, फुटपाथ पर अवैध कब्जा न करें, गंदगी न फैलायें एवं अपने शहर कोरबा को स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने में अपनी सहभागिता देवें।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय कोसाबाड़ी क्षेत्र के मुख्य मार्ग से होते हुवे इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय व पोड़ीबहार बस्ती में साफ–सफाई संबंधी कार्यो का अधिकारियों की टीम सहित निरीक्षण किया। उन्होने नगर पालिक निगम कोरबा के कोसाबाड़ी चौक, इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय के मुख्य मार्ग पर गुमटी, ठेला लगाने वाले व्यवसायियों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि अपने दुकानों, ठेला, गुमटी के सामने पाउच, पन्नी प्लास्टिक, इकट्ठा न होने देवें। दुकानदार

अपनी दुकान के सामने डस्टबिन रखें तथा ग्राहकों से कचरे को डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित करें, यदि आपके द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है तो आपके विरूद्ध जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आपकी होगी। भ्रमण के दौरान चाय–नाश्ता होटल संचालक को कोयले की अंगीठी जलाये हुवे उन्होने देखा। जिससे काफी मात्रा में जहरीला धुंआ सड़क व उसके आसपास फैल रहा था, जिससे लोगों को आने–जाने में परेशानी हो रही थी। उन्होने तत्काल ही अंगीठी को बुझवाकर कच्चे कोयले की जप्ती कराते हुये उक्त दुकानदार को कड़ी हिदायत दी कि वे दोबारा इस प्रकार का कृत्य न करें, अन्यथा उस पर जुर्माने आदि की कार्यवाही की जावेगी। आयुक्त श्री पाण्डेय ने एन.के.एच. हॉस्पिटल मार्ग में पानी के जमाव को देखकर साथ में चल रहे अधिकारियों को निर्देश दिया कि रोड में पानी का यहॉ जमाव न हों इसके लिये बरसाती पानी की सुगम निकासी सुनिश्चित करने के लिये तत्काल आवश्यक कार्यवाही करें।

**सफाई कार्य में लगे सफाई कामगारों से चर्चा** – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त समूचे मार्ग पर किये जा रहे साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया। सफाई कार्य के दौरान एकत्रित कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने वहॉ पर कार्य में संलग्न सफाई कामगारों से भी चर्चा की तथा सफाई कामगारों के परिचय पत्र, उन्हें मिलने वाली ड्रेस, कार्य के दौरान उपयोग में आने वाले सुरक्षा उपकरण, उनकी ड्यूटी व कार्यक्षेत्र इत्यादि की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही, उन्होनें उनसे पूछा कि उन्हें कार्य के दरम्यान किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं आ रही है, यदि उन्हें कोई समस्या आवे तो तत्काल ही वे अधिकारियों को इससे अवगत करावें।

**बस्तीवासियों से भेंट कर जानी समस्यायें** – पोड़ीबहार बस्ती में भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने वहॉ के रहवासियों से भेंट–मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना तथा पानी, बिजली, साफ–सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं की जानकारी लेते हुवे आयुक्त श्री पाण्डेय द्वारा तत्काल उसके निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये गये। उन्होने पोड़ीबहार चौक स्थित तिराहे के समीप व्यवसायिक काम्पलेक्स के पास रिक्त स्थान पर पड़े कचरे के ढेर को देखकर दुकान संचालकों से कहा कि दुकानों से निकले हुए उत्सर्जित अपशिष्ट को इधर–उधर न फेकें। कचरे को एकत्रित करके वे डस्टबिन में पृथक–पृथक रखें तथा डोर–टू–डोर अपशिष्ट लेने आने वाली स्वच्छता दीदियों के रिक्शें में ही कचरे को पृथक–पृथक डालें।

भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सजय तिवारी, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, अश्वनी दास, करन पाण्डेय, मनोज साहू, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक धनमोहन रात्रे, पंकज कुमार गवेल आदि के साथ अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।